प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

18 जून 2025

## अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (मार्च 2025)

भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) तैयार किया है, जो विवरणियाँ प्रस्तुत करने की सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और निरंतरता के संदर्भ में डेटा की गुणवत्ता को मापता है। एसडीक्यूआई का उद्देश्य वर्ष 2024 में जारी पर्यवेक्षी विवरणियों की प्रस्तुति संबंधी मास्टर निदेश में उल्लिखित सिद्धांतों के अनुपालन का मूल्यांकन करना है। मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई स्कोर में सुधार हुआ है।

### एससीबी के एसडीक्यूआई स्कोर की प्रवृत्ति

| बैंक समूह | मार्च 2024 | | | | | मार्च 2025 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सटीकता | पूर्णता | समयबद्धता | निरंतरता | एसडीक्यूआई स्कोर | सटीकता | पूर्णता | समयबद्धता | निरंतरता | एसडीक्यूआई स्कोर |
| **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक** | **86.1** | **96.2** | **86.8** | **85.0** | **88.6** | **86.7** | **95.8** | **89.1** | **85.7** | **89.3** |
| सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक | 87.1 | 99.6 | 85.4 | 84.6 | 89.2 | 85.7 | 99.4 | 84.8 | 85.2 | 88.8 |
| निजी क्षेत्र के बैंक | 85.5 | 99.7 | 85.8 | 84.6 | 88.9 | 87.5 | 98.9 | 86.5 | 85.3 | 89.6 |
| विदेशी बैंक | 86.1 | 92.7 | 86.2 | 85.4 | 87.6 | 86.9 | 92.6 | 90.9 | 85.9 | 89.1 |
| लघु वित्त बैंक | 86.6 | 99.6 | 92.8 | 84.9 | 91.0 | 85.8 | 98.9 | 91.5 | 86.1 | 90.6 |

मार्च 2025 को समाप्त तिमाही तक सभी एससीबी को दिये गए समग्र एसडीक्यूआई स्कोर का विवरण निम्नानुसार हैं।




**अंकों की व्याख्या**

| 70 से कम | 70 और 80 के बीच | 80 और 90 के बीच | 90 से अधिक |
|---|---|---|---|
| अत्यंत चिंताजनक | सुधार की आवश्यकता | स्वीकार्य | अच्छा |

एससीबी के मापदंडों और समग्र एसडीक्यूआई स्कोर की प्रवृति नीचे दर्शाई गई है।




एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनकी प्रमुख विवरणी (अर्थात आस्ति देयता और तुलन-पत्रेतर एक्सपोजर संबंधी विवरणी (एएलई), आस्ति गुणवत्ता संबंधी विवरणी (आरएक्यू), परिचालन परिणाम संबंधी विवरणी (आरओआर), जोखिम आधारित पर्यवेक्षण विवरणी (आरबीएस), चलनिधि संबंधी विवरणी (एलआर), पूंजी पर्याप्तता संबंधी विवरणी (आरसीए), बड़े क्रेडिट पर सूचना का केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलसी) - मुख्य) शामिल हैं।

एसडीक्यूआई के लिए व्यापक कार्यप्रणाली संबंधी दस्तावेज़ अनुलग्नक में दिये गए हैं।

**(पुनीत पंचोली)**

मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/557**